## न्यूज डायरी



### बिलावल भुट्टो बोले–बलूचिस्तान में अगली सरकार पीपीपी की होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इस्लामाबाद। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो–जरदारी का कहना है कि उनकी पार्टी ही बलूचिस्तान में अगली सरकार बनाएगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी में एक रैली को संबोधित करते हुए बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल ने कहा कि अगली सरकार यहां पीपीपी ही बनाएगी। वही एक ऐसी पार्टी है जो इस प्रांत की सभी मुश्किलों को दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान समेत समूचे पाकिस्तान में अगली सरकार बनाने वाली पार्टी पीपीपी ही होगी। साथ ही पीपीपी के जियाला (समर्थक) बलूचिस्तान के अगले सीएम होंगे। रिपोर्ट के अनुसार बिलावल ने कहा कि बलूचिस्तान के लोगों ने पिछले पांच सालों में बहुत बड़ी मुसीबतें उठाई हैं। आगे उन्होंने कहा कि अगर देश में कोई राजनीतिक दल है जो गरीबों के हितों की चिंता करती है तो वह पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी है।

### कोविड–19 से बचाव में कारगर हैं सर्दी के खिलाफ बनने वाली एंटीबाडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बार्सिलोना। स्वास्थ्यकर्मियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि संक्रमण के सात महीने बाद भी ना केवल आइजीजी एंटीबाडी शरीर में बनी रहती हैं बल्कि कुछ लोगों में इसका स्तर बढ़ भी जाता है। नेचर कम्युनिकेशन पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के निष्कर्षों से यह बात भी स्पष्ट होती है कि सामान्य सर्दी से जुड़े कोरोनावायरस (ह्यूमन कोल्ड कोरोनावायरस–एचसीओवी) के खिलाफ शरीर में जो एंटीबाडी बनती हैं, वह कोविड–19 से भी सुरक्षा प्रदान करती हैं। यह अध्ययन बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के साथ मिलकर किया गया है। आने वाली महामारी और उसके खिलाफ प्रभावी रणनीति तैयार करने के लिए शरीर में मौजूद इम्युनिटी को बेहतर तरीके से समझना जरूरी है।

### फिर दिखा इमरान का आपने घबराना नहीं है...वाला अंदाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। तोक्यो ओलिंपिक में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन से निराश प्रधानमंत्री इमरान खान वीडियो शेयर कर अवाम का हौसला बढ़ा रहे हैं। रविवार को ओलिंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी में जहां दुनियाभर के पदक विजेता खिलाड़ी अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे, वहीं इमरान खान ट्विटर पर अपने फॉलोअर्स को हार न मानने की सीख दे रहे थे। उन्होंने अवाम का हौसला बढ़ाने के लिए टिकटॉक का एक वीडियो भी शेयर किया है। इमरान खान ने अपने ट्वीट के कैप्शन में लिखा कि मैं चाहता हूं कि पाकिस्तान के युवा इस दौड़ देखें और सबसे महत्वपूर्ण सबक सीखें जो खेल ने मुझे सिखायारू आप केवल तभी हारते हैं जब आप हार मान लेते हैं। उनके इस वीडियो को 5 लाख से ज्यादा बार देखा गया है। इस वीडियो में रेस के दौरान एक महिला धावक दूसरे से टकराकर गिर जाती है।

### पानी में डॉल्फिन के झुंड को देखकर चौंके लोग, समुद्र में दिखा अदभुत नजारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। सिडनी के ब्रोंटे समुद्री तट पर डॉल्फिन के एक झुंड को पानी में तैरते हुए देखा गया। यह तैराकों और सर्फर्स के लिए खुशी की बात है। ब्रोंटे सर्फ लाइफ सेविंग क्लब ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें दर्जनों डॉल्फिन्स को समुद्र में तैरते देखा जा सकता है। ये डॉल्फिन ब्रोंटे और तामारमा समुद्री तटों के बीच तैर रही हैं। वीडियो पोस्ट करते हुए क्लब ने चुटकी ली और लिखा कि डॉल्फिन लंच टाइम स्विम का मजा ले रही हैं। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो को कई लोगों ने पसंद किया है। यूजर्स ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, डॉल्फिन्स पार्टी कर रही हैं और यह बेहद खूबसूरत है। कोरोना के चलते दुनियाभर में लगे लॉकडाउन का समुद्री जीवन और पर्यावरण पर सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। यह पहली बार नहीं है जब स्थानीय लोगों ने लॉकडाउन के बीच क्षेत्र में डॉल्फिन की इतनी बड़ी संख्या देखी है।

# अमेरिका ने किया एस–400 'किलर' मिसाइल का परीक्षण

टक्कर

## अमेरिका ने दुश्मन के रेडॉर और एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के लिए बनाया

रूस के ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले एस–400 मिसाइल डिफेंस को तबाह करने वाली मिसाइल



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वॉशिंगटन। अमेरिका ने अपनी एंटी रेडिएशन मिसाइल AGM–88 हार्म के अत्याधुनिक वर्जन का सफल परीक्षण किया है। नई मिसाइल ज्यादा दूर तक हमला करने में सक्षम है। अमेरिका ने यह मिसाइल दुश्मन के रेडॉर सिस्टम और एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के लिए बनाया है। कई विशेषज्ञ इसे रूस के ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले एस–400 मिसाइल डिफेंस को तबाह करने वाली मिसाइल बताते हैं।

अमेरिका की नौसेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि F/A-18E/F सुपर हार्नेट लड़ाकू विमान की मदद से इस अत्याधुनिक मिसाइल को पहली बार दागा गया। नौसेना ने कहा कि इस मिसाइल ने अपने सभी लक्ष्यों को पूरा किया। इस मिसाइल की मदद से अमेरिका के जंगी जहाजों को उन इलाकों में भी काम करने की ताकत देता है जहां पर दुश्मन ने बड़े पैमाने पर डिफेंस नेटवर्क तैनात करके रखा हुआ है।

**जमीन से हवा में आने वाले किसी भी खतरे को नष्ट करने में सक्षम** यह मिसाइल 230 किमी तक निशाना लगाने में सक्षम हैं। यह परीक्षण गत 19 जुलाई को प्वाइंट मूगू सी टेस्ट रेंज के तट पर किया गया। इस मिसाइल को इस तरह से बनाया गया है कि यह जमीन से हवा में आने वाले किसी भी खतरे को नष्ट करने में सक्षम है। इस मिसाइल को रेडियो फ्रीक्वेंसी को सूंघने और उसे तबाह करने के लिए बनाया गया है। इनमें से ज्यादातर मिसाइल को हवा के रास्ते जमीन पर रेडॉर को तबाह करने के लिए बनाया गया है। इन मिसाइलों को किसी युद्ध के शुरुआती दिनों के दौरान दुश्मन के रेडॉर और एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के लिए बनाया गया है।

इससे पहले रूस के साथ चल रहे तनाव के बीच अमेरिका ने अत्याधुनिक एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को मार गिराने का अभ्यास किया था। अमेरिका ने इस रूसी ब्रह्मास्त्र को मार गिराने का अभ्यास अफ्रीका महाद्वीप के देश मोरक्को में किया था। इस व्यापक युद्धाभ्यास का नाम अफ्रीकन लॉयन दिया गया था।

अमेरिका ने तुर्की, भारत और अन्य देशों के रूसी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को खरीदने का जोरदार विरोध किया है। एस–400 को मार गिराने का यह युद्धाभ्यास मोरक्को के अगादिर इलाके में किया गया। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक वीडियो में एस–400 को मार गिराने के अभ्यास का खुलासा हुआ। इस वीडियो में एक शख्स कहता नजर आ रहा है, दो एस–400 के खिलाफ दो हमले किए गए।

## भगोड़े नीरव मोदी को लंदन प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील करने की अनुमति दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर भारत के प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील करने की अनुमति दी है। पंजाब नेशनल बैंक में करीब 14 हजार करोड़ रुपये का घोटाला कर भागे नीरव मोदी को भारतीय एजेंसियों की याचिका पर ब्रिटिश कोर्ट ने भारत भेजे जाने का आदेश दिया है। इस आदेश के आधार पर ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने नीरव के प्रत्यर्पण के आदेश पर अप्रैल में दस्तखत किए हैं। नीरव ने इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देने के लिए अर्जी दी थी। पिछले दिनों नीरव मोदी के वकीलों ने कहा कि मुंबई की जिस आर्थर रोड जेल में प्रत्यर्पण के बाद उसे रखा जाना है, उसमें भीड़ और कोरोना के असर के चलते उसके आत्महत्या करने की आशंका बढ़ जाएगी।

पिछले दिनों भारतीय एजेंसियों की ओर से मामले की पैरवी कर रही क्राउन प्रोसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने नीरव मोदी की अर्जी की पुष्टि की है। ब्रिटिश न्यायिक व्यवस्था के अनुसार किसी फैसले को चुनौती देने के लिए पहले संबंधित कोर्ट से अनुमति लेनी होती है। कोर्ट देखती है कि मामले में फैसले को चुनौती देने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं।



हवा में बैठकर सेल्फी ले रही महिला या आंखों का है धोखा?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रासीलिया। ऊंचाई से डरने वाले लोग शायद ब्राजील की इस गगनचुंबी इमारत के एडवेंचर से दूर रहना चाहें। दरअसल ब्राजील के साउ पाउलो की सबसे ऊंची इमारत एक छोटे लेकिन बेहद साहसिक एडवेंचर के लिए लोगों का स्वागत कर रही है। मिराटे डो वेले ने लोगों के लिए 42वीं मंजिल पर एक ग्लास–बॉटम व्यूइंग डेक खोल दिया है ताकि लोग आकर अपने ऊंचाई के डर को दूर भगा सकें। इस दौरान आने वाले विजिटर्स को सेल्फी लेने की छूट होगी। हालांकि ग्लास डेक की वजन क्षमता के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस अनोखे डेक के डिजाइनरों ने कहा कि वे लोगों को आसमान में और शहर के ऊपर तैरने का अनुभव कराना चाहते हैं।

# समुद्र में एक साथ आईं भारत और यूएई की सेनाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबू धाबी। यूएई और भारत ने शनिवार को अबू धाबी के तट पर एक नौसैनिक अभ्यास किया। यह दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग में तेजी को दिखाता है। अधिकारियों ने कहा कि अमीरात ने अल धफरा मिसाइल कार्वेट और एक AS–565B पैंथर हेलीकॉप्टर के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत आईएनएस कोच्चि और दो इंटीग्रल सी किंग एमके 42बी हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं।



**बड़े पैमाने पर किया हेलीकॉप्टर का इस्तेमालः** भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेद माधवाल ने कहा कि अभ्यास के हिस्से के रूप में जहाजों ने सामरिक युद्धाभ्यास, ओवर–द–होरिजन टारगेटिंग, सर्च एंड रेस्क्यू और दोनों नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि पूरे अभ्यास के दौरान हेलीकॉप्टरों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसमें सर्च एंड रेस्क्यू अभियान से लेकर सिम्युलेटेड मिसाइल एंगेजमेंट ड्रिल के लिए जहाजों को टारगेटिंग डेटा पास करना शामिल करना है।

**खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बीच नौसैनिक अभ्यासः** चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के संयुक्त अरब अमीरात दौरे के एक हफ्ते बाद दोनों देशों की नौसेनाओं ने यह अभ्यास किया है। ओमान तट पर करीब एक हफ्ते पहले एक इजराइली कंपनी के तेल टैंकर पर ड्रोन हमला हुआ था। इसके चलते एक ब्रिटिश नागरिक और रोमानिया के एक नागरिक की मौत हो गई थी। इसके बाद खाड़ी क्षेत्र में उपजे तनाव के बीच यह नौसेना ने अभ्यास किया गया है।

### ब्रिटेन के एयरक्राफ्ट कैरियर का पीछा कर रही थी चीनी पनडुब्बी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। साउथ चाइना सी में आंख दिखा रहे चीनी ड्रैगन को करारा जवाब देने पहुंचे ब्रिटेन के एयरक्राफ्ट कैरियर एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ की चीन जासूसी करने में जुट गया था। इसके लिए चीनी नौसेना ने चोरी से अपनी परमाणु पनडुब्बी को ब्रिटिश युद्धपोत के पीछे लगा दिया था। हालांकि चीन की यह चोरी पकड़ी गई और ब्रिटेन के एंटी सबमरीन सोनार ने चीनी सबमरीन को डिटेक्ट कर लिया। ये पनडुब्बियां कई घातक क्रूज मिसाइलों से लैस थीं। यह सोनार ब्रिटेन के फ्रिगेट्स पर लगा हुआ था जो कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की रक्षा के लिए चल रहे थे। बताया जा रहा है कि जब यह कैरियर स्ट्राइक ग्रुप साउथ चाइना सी से प्रशांत महासागर निकल रहा था, उसी समय दो चीनी परमाणु पनडुब्बी ब्रिटिश युद्धपोतों के पास देखी गईं। रॉयल नेवी को चीनी पनडुब्बियों और चीन के जासूसी युद्धपोतों के आने की आशंका पहले से थी और उसने तैयारी कर रखी थी।